# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

**09 November 2025**








Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान की पहली 'स्पेस एंड एस्ट्रोनॉमी लैब' कहाँ स्थापित की जाएगी?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) बीकानेर
(D) उदयपुर

*बीकानेर के राजकीय महारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रदेश की पहली स्पेस एंड एस्ट्रोनॉमी लैब स्थापित की जाएगी.*

- *नगर निगम द्वारा 5.86 लाख रुपए के टेंडर से बनने वाली इस लैब में 75 से अधिक मॉडल और उपकरण लगाए जाएंगे, जिनमें टेलिस्कोप, रॉकेट लॉन्चर, अर्थ ग्लोब और इसरो सैटेलाइट मॉडल शामिल होंगे.*
- *स्कूल की छात्राओं को शिव शक्ति पॉइंट से लेकर प्रज्ञान रोवर तक की जानकारी मिल सकेगी*
- *लैब को बनाने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि बढ़ाना है*

## Yesterday Revision

**Q**. हाल ही में राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग और केंद्र सरकार के किस बीच हुआ- **डिजिटल इंडिया 'भाषिणी' प्रभाग**

**Q**. भारतीय पुनर्वास परिषद (Rehabilitation Council of India - RCI) द्वारा राजस्थान के कितने संस्थानों को मिला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का दर्जा दिया गया है?- **4 संस्थान को**

**Q**. हाल ही में BSF ने भारत की सीमाओं की सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों को सशक्त बनाने के लिए किसके साथ MOU किया है?- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर**

**Q**. वर्ष 2026 में विश्व प्रसिद्ध जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) का अगला संस्करण कहाँ आयोजित होगा?- **13 से 15 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम नई दिल्ली**

**Q**. हाल ही में ग्लोबल एलायंस फॉर रेबीज कंट्रोल की ओर से किसे जिले के संजय सिंह को 'वर्ल्ड रैबीज डे' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया?-**जयपुर**

**01. राजस्थान में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 10 से 14 जनवरी 2026

(B) 15 से 19 जनवरी 2026

(C) 20 से 24 जनवरी 2026

(D) 25 से 29 जनवरी 2026

**Important Facts:**

- राजस्थान में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026, जिसका 19वां संस्करण है, 15 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित किया जाएगा।
- यह एक पाँच दिवसीय साहित्यिक उत्सव होगा जहाँ लेखक, विचारक, और कलाकार एक मंच पर एक साथ आएंगे।
- इस वर्ष के संस्करण में नोबेल पुरस्कार विजेता ओल्गा टोकारचुक और इंटरनेट के जनक टिम बर्नर्स-ली जैसे कई प्रतिष्ठित मेहमान शामिल होंगे
- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जयपुर विरासत फाउंडेशन की एक पहल है।

# 02. राज्य सरकार ने किस नाम से राजस्थान का पहला निवेश इन्सेन्टिव कैलकुलेटर लॉन्च किया है?

(A) निवेशकैल्क

(B) लाभकैल्क

(C) राजनिवेशकैल्क

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- सुविधा और पारदर्शिता के क्षेत्र में नया कदम उठाते हुए राजस्थान सरकार ने राजस्थान का पहला निवेश इन्सेन्टिव कैलकुलेटर 'लाभकैल्क' लॉन्च किया है.
- राज्य में ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया लाभकैल्क निवेशकों को सही निर्णय लेने में मदद करता है.
- यह एक इंसेंटिव कैलकुलेटर है, जो निवेशकों को Rajasthan निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स) 2024 के तहत राज्य में नया उद्योग स्थापित करने या मौजूदा इकाई का विस्तार करने पर मिलने वाले इंसेंटिव्स का अनुमान लगाने में मदद करता है.
- वर्ष 2024-25 में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा 765.78 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड इन्सेन्टिव्स वितरित किए गए.

03. राजस्थान की परंपरा-कला और नवाचार को एक मंच पर लाने वाले 'नन्हे कलाकार फेस्टिवल' के 5वें संस्करण का आयोजन किस स्थान पर होगा?

(A) बिरला सभागार, जयपुर

(B) होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर

(C) जवाहर कला केंद्र

(D) सेंट्रल पार्क, जयपुर

**Important Facts:**

- राजस्थान की परंपरा-कला और नवाचार को एक मंच पर लाने वाले 'नन्हे कलाकार फेस्टिवल' के 5वें संस्करण का भव्य आयोजन 24 और 25 दिसंबर, 2025 को होटल क्लार्क्स आमेर जयपुर में किया जाएगा।
- फेस्टिवल का आयोजन 'अभ्युत्थानम वेलफेयर फाउंडेशन जयपुर' की ओर से किया जा रहा है। जो वंचित वर्ग के बच्चों के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं राजस्थान की कला-संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संस्था है।
- इस बार का फेस्टिवल 'पचरंगा' थीम पर आधारित है। जो टेक्नोलॉजी, समृद्ध कला एवं संस्कृति के साथ बच्चों की सरलता और समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा भाव और सस्टेनेबिलिटी को एक साथ लाएगा।

**04. हाल ही में राजस्थान ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में कौन-सा स्थान प्राप्त किया है?**

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) तीसरा

(D) चौथा

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ अकाउंट बनाने में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर
- राज्य में 6.36 करोड़ लोगों का डिजिटल हेल्थ कार्ड आभा आईडी बनाई जा चुकी है।इनमें सबसे ज्यादा कार्ड 19 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 50 प्रतिशत लोगों के हैं।
- उत्तर प्रदेश ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में देश में पहला स्थान हासिल किया
- •राज्य में जयपुर पहले, उदयपुर दूसरे तथा अलवर तीसरे स्थान पर है। सबसे ज्यादा जयपुर में 57.7 लाख,

▪ आयुष्मान भारत योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रति परिवार 5 लाख तक का मुफ्त बीमा कवर किया जाता है। यह विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।

05. राजस्थान सरकार ने जनजातीय उपयोजना (TSP) फंड 1000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर कितने करोड़ रुपये किया है?

(A) 1500 करोड़ रुपये

(B) 2000 करोड़ रुपये

(C) 2500 करोड़ रुपये

(D) 4500 करोड़ रुपये

**Important Facts:**

- राज्य सरकार द्वारा जनजातीय उपयोजना (TSP) फंड की राशि को 1000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये कर दी गई हैं।यह वृद्धि जनजातीय समुदायों के लिए स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देगी
- यह वृद्धि राजस्थान में बजट 2024-25 के दौरान की गई
- राजस्थान सरकार द्वारा, प्रदेशभर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है।
- जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़े का आयोजन :- 1 से 15 नवम्बर 2025

06. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान से किसे राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया है?

(A) अजीता चौधरी

(B) सुनीता शर्मा

(C) नीलम यादव

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 45 शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से किया सम्मानित
- खैरथल-तिजारा जिले के सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टपूकड़ा की प्राचार्या नीलम यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शासन और नेतृत्व कार्यों के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया
- नीलम यादव को नामांकन वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण परिणाम, सहशैक्षिक गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों, CSR के सहयोग से डिजिटल लैब,कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास,सहित तकनीक का प्रयोग के लिए सम्मान मिला है

07. हाल ही में किस जिले के जाने-माने ज्योतिषाचार्य को इंटरनेशनल आइकॉन अवॉर्ड्स 2025 में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(A) अलवर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जयपुर के जाने-माने ज्योतिषाचार्य, सेलिब्रिटी एस्ट्रो, हेमंत को हाल ही में आयोजित इंटरनेशनल आइकॉन अवॉर्ड्स 2025 में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रदान किया गया।
- एस्ट्रो हेमंत को यह सम्मान उनकी सटीक ज्योतिषीय सेवाओं, शोध कार्यों और लोगों को सही दिशा देने वाले योगदान के लिए दिया गया

08. राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की परियोजना को राष्ट्रीय CIPS इनोवेशन अवार्ड 2024 प्रदान किया गया?

(A) एग्रीस्टैक परियोजना

(B) राज किसान साथी' प्रोजेक्ट

(C) जन आधार परियोजना

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग ने एक और गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है।
- राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की परियोजना 'राज किसान साथी' को राष्ट्रीय CIPS Innovation Award 2024 से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा श्रीनगर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।
- राज किसान साथी' प्रोजेक्ट राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किया गया एक एकल-खिड़की ऑनलाइन एकीकृत मंच है जो किसानों को कृषि, बागवानी, और कृषि विपणन से जुड़ी सभी सेवाओं और सूचनाओं तक आसानी से पहुँच प्रदान करता है

09. इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस (ICA) वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर 2025 की रैंकिंग में विश्व स्तर पर प्रथम स्थान किस भारतीय सहकारी संस्था ने प्राप्त किया?

(A) IFFCO

(B) अमूल (GCMMF)

(C) नाबार्ड

(D) A और B दोनों

**Important Facts:**

- साल 2025 में, दुनिया की शीर्ष सहकारी संस्थाओं की रैंकिंग में भारत की अमूल (गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ लिमिटेड-GCMMF) और (इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड-IFFCO) ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है।
- यह जानकारी इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस (ICA) की वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर 2025 रिपोर्ट में दी गई, जिसे दोहा, क़तर में जारी किया गया।
- इन रैंकिंग्स का निर्धारण राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति GDP के अनुपात में टर्नओवर के आधार पर किया गया है, जो आर्थिक प्रदर्शन और सामाजिक प्रभाव दोनों को दर्शाती हैं, और सहकारी सिद्धांतों के अनुरूप हैं।

10. हाल ही में आर्मी स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन भारतीय सेना द्वारा कहाँ किया गया?

(A) हैदराबाद

(B) नई दिल्ली

(C) पुणे

(D) लखनऊ

**Important Facts:**

- भारतीय सेना ने 4 नवंबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आर्मी स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया।
- यह कार्यक्रम भारत की खेल यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आयोजित हुआ, जिसने ओलंपिक मिशन 2036 के प्रति देश की प्रतिबद्धता में भारतीय सेना के योगदान और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की भावना को पुनः मजबूत किया।
- कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल अजय रामदेव, निदेशक जनरल (इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग), ने स्वागत भाषण दिया।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में BSF ने भारत की सीमाओं की सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों को सशक्त बनाने के लिए किसके साथ MOU किया है?**

(A) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर

(B) पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर

(C) IIT कोटा

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine